उपकार

# जवाहर नवोदय विद्यालय

# दिग्दर्शिका

(कक्षा 6 में प्रवेश के लिए)

(पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्र हल सहित)

*लेखकगण*

*डॉ. लाल, शर्मा एवं जैन*

2024

उपकार प्रकाशन, आगरा

## Introducing Direct Shopping

*Now you can purchase from our vast range of books and magazines at your convenience :*

- Pay by Credit Card/Debit Card or Net Banking facility on our website *www.upkar.in* *OR*
- Send Money Order/Demand Draft of the print price of the book favouring **'Upkar Prakashan'** payable at **Agra**. In case you do not know the price of the book, please send Money Order/Demand Draft of ₹ 100/- and we will send the books by VPP (Cash on delivery).

*(Postage charges FREE for purchases above ₹ 100/-. For orders below ₹ 100/-, ₹ 20/- will be charged extra as postage)*

© प्रकाशक

**प्रकाशक**

**उपकार प्रकाशन**

**हैड ऑफिस :** 1 स्टेट बैंक कॉलोनी, निकट खन्दारी, आगरा-मथुरा बाई-पास, **आगरा**–282 005

**रजि. ऑफिस :** 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर (शाह सिनेमा के सामने), **आगरा**–282 002

**फोन :** 2530966, 2531101

**E-mail :** care@upkar.in, **Website :** www.upkar.in

**ब्रांच ऑफिस :**

4845, अन्सारी रोड,
दरियागंज,
**नई दिल्ली**–110 002
**फोन :** 011–23251844, 43259035

पारस भवन (प्रथम तल),
खजांची रोड,
**पटना**–800 004
**फोन :** 0612-2303340

16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा
आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
(यूनियन बैंक के बगल में),
**हैदराबाद**–500 036 (तेलंगाना)
**फोन :** 040–24557283

8-310/1, ए. के. हाउस,
हीरानगर, **हल्द्वानी,**
**जिला–नैनीताल**–263 139 (उत्तराखण्ड)
**मोबा. :** 7060421008

- *इस पुस्तक को प्रकाशित करने में प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी किसी त्रुटि के लिए प्रकाशक जिम्मेदार नहीं होगा.*
- *इस पुस्तक को अथवा इसके किसी अंश को बिना प्रकाशक की लिखित अनुमति के, किसी भी रूप–फोटोग्राफी, विद्युत-ग्राफिक, यान्त्रिकी अथवा अन्य रूप में किसी भी प्रकार से उपयोग के लिए नहीं छापा जा सकता है.*
- *किसी भी परिवाद के लिए न्यायिक क्षेत्र केवल आगरा ही होगा.*

ISBN : 978-93-91121-67-9

**Code No. 31**

**मुद्रक :** उपकार प्रकाशन (प्रिंटिंग यूनिट) बाई-पास, आगरा

# विषय-सूची


- नवोदय विद्यालय नियम, निर्देश एवं पाठ्यक्रम
- पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्र हल सहित


## भाग-1

## हिन्दी भाषा योग्यता परीक्षा


- अपठित गद्यांश........................................................ 3–45
- उत्तरमाला.................................................... 45–48


## भाग-2

## संख्या सम्बन्धी योग्यता परीक्षा


- दशमलव प्रणाली................................................ 3–5
- गणित के कुछ आवश्यक सूत्र..................................... 5–6
- संख्या सिद्धान्त................................................ 6–10
- निकटतम संख्या................................................ 10–12
- लघुतम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक.......................... 13–18
- साधारण भिन्न एवं दशमलव भिन्न.................................. 18–24
- ऐकिक नियम.................................................... 25–29
- चाल, दूरी और समय............................................. 29–33
- औसत (मध्यमान)................................................ 33–37
- प्रतिशत......................................................... 37–40
- लाभ-हानि....................................................... 40–46
- साधारण ब्याज.................................................. 46–49
- क्षेत्रफल....................................................... 49–52
- आयतन.......................................................... 52–55
- मॉडल टेस्ट पेपर (1–17).......................................... 56–120
- उत्तरमाला...................................................... 121–144

## भाग-3
## मानसिक योग्यता परीक्षा

- मानसिक योग्यता परीक्षा........................................ 3–10
- प्रश्नावली (1–10)............................................. 11–74
- उत्तरमाला (व्याख्या सहित)..................................... 75–87
- मॉडल प्रश्न-पत्र.............................................. 88–96

# परीक्षा सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण जानकारी

## परिचय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार भारत सरकार ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रारम्भ किए थे. ये सह-शिक्षा वाले आवासीय विद्यालय हैं. जिन्हें एक स्वायत्त संगठन नवोदय विद्यालय समिति के जरिए भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण वित्तीय सहायता प्राप्त है. नवोदय विद्यालयों में दाखिले, नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6 में किए जाते हैं. इन विद्यालयों में कक्षा 8 तक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा है और इसके बाद कक्षा 9 से गणित और विज्ञान के लिए अंग्रेजी माध्यम और सामाजिक विज्ञान के लिए हिन्दी माध्यम है. नवोदय विद्यालयों में छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन, यूनीफार्म एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान की जाती हैं, परन्तु कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों से मात्र ₹ 600 प्रतिमाह विद्यालय विकास निधि के लिए लिया जाता है. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बालिकाओं एवं उन छात्रों जिनके अभिभावक गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करते हैं, को इस शुल्क से छूट प्रदान की गई है. छूट प्राप्त वर्ग (कक्षा–6 से 8 के विद्यार्थी, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति और बालिकाएं तथा गरीबी रेखा के नीचे (BPL) परिवारों के पाल्य) के अतिरिक्त सरकारी कर्मचारियों के पाल्य से ₹ 1500/- प्रतिमाह की दर से विकास निधि के लिए अथवा माता-पिता द्वारा प्राप्त वास्तविक पाल्य शैक्षणिक भत्ता, जो भी कम हो, देय होगा, परन्तु विद्यालय विकास निधि ₹ 600/- प्रतिमाह प्रति छात्र से कम नहीं होगी.

## योजना के उद्देश्य

(i) विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को, श्रेष्ठ गुणवत्तायुक्त आधुनिक शिक्षा के साथ सशक्त सांस्कृतिक घटक एवं मूल्यपरक शिक्षा, पर्यावरण के प्रति चेतना, साहसिक क्रियाओं एवं शारीरिक शिक्षा प्रदान करना है.

(ii) यह सुनिश्चित करना कि छात्र तीन भाषाओं में तर्कसंगत स्तर की दक्षता प्राप्त कर सकें.

(iii) विद्यार्थियों की प्रवास नीति (हिन्दी से अहिन्दी भाषी तथा अहिन्दी से हिन्दी भाषी राज्यों में) के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना.

(iv) अनुभवों और सुविधाओं की सहभागिता के द्वारा विद्यालयीय शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु प्रत्येक जनपद में केन्द्र बिन्दु के रूप में सामान्य सेवाएँ प्रदान करना.

## आवेदन की विधि

**जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया–**

(क) ज.न.वि. प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को सरलीकृत कर दिया गया है. नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in एवं navodaya.gov.in/nvs/en/ Admission–JNVST/JNVST-class के प्रवेश पोर्टल पर जाकर निःशुल्क पंजीयन किया जा सकता है. चयनित अभ्यर्थियों के निवास, उम्र, पात्रता आदि का सत्यापन परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत किया जाएगा.

(ख) योग्य अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरना होगा और अभ्यर्थी व उसके माता-पिता/अभिभावक दोनों के हस्ताक्षर एवं अभ्यर्थी की फोटो के साथ प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा. संलग्नक **जे.पी.जी. प्रारूप में अपलोड करें जिसका आकार 10–100 के.बी. के बीच हो.**

(ग) एन.आई.ओ.एस. अभ्यर्थी होने की दशा में अभ्यर्थी के पास 'ब' प्रमाण-पत्र होना चाहिए और उसी जिले का निवास प्रमाण-पत्र होना चाहिए. जहाँ वह प्रवेश चाहता/चाहती है.

(घ) ऑनलाइन प्लेटफार्म/मंच खुला माध्यम एवं निःशुल्क है.आवेदन-पत्र किसी भी माध्यम जैसे–डेस्कटॉप, लेप-टॉप, मोबाइल, टैबलेट इत्यादि से भरा जा सकता है.

(ङ) सभी जवाहर नवोदय विद्यालयों में अभ्यर्थियों/अभिभावकों की सहायता हेतु निःशुल्क आवेदन अपलोड करने के लिए सहायता केन्द्र उपलब्ध होंगे. माता-पिता अपने पाल्य (अभ्यर्थी) के साथ वांछित प्रमाण-पत्र जैसे–फोटो और एस.एम.एस. तथा पासवर्ड एवं पंजीकरण संख्या प्राप्त करने हेतु मोबाइल फोन, वैध मोबाइल नम्बर के साथ पंजीकरण प्रक्रिया हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय के सहायता केन्द्र पर सम्पर्क कर सकते हैं.

## प्रवेश-पत्र जारी करना

आवेदन पोर्टल पर निर्धारित तिथि से प्रवेश-पत्र उपलब्ध होंगे, जिसे अभ्यर्थी/माता-पिता द्वारा ज.न.वि.प्र.प. संचालन से पूर्व निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है.

## पात्रता

नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्रता के मानदण्ड निम्नलिखित हैं–

## सभी अभ्यर्थियों के लिए

- अभ्यर्थी उसी जनपद के ज.न.वि. के लिए आवेदन कर सकता है, जिस जिले के सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में वर्तमान शैक्षिक सत्र के दौरान कक्षा-5 में पढ़ रहा है.
- प्रवेश चाहने वाले अभ्यर्थी का जन्म निर्धारित तिथि से पहले या बाद का नहीं होना चाहिए. यह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समेत सभी अभ्यर्थियों पर समान रूप से लागू होगी. अभ्यर्थी के प्रमाण-पत्र में दर्ज आयु एवं अधिक उम्र के सन्देह होने पर उसको प्रवेश दिए जाने के समय मेडिकल बोर्ड से आयु की प्रमाणिकता हेतु जाँच कराई जाएगी और मेडिकल बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा.
- निर्धारित चयन परीक्षा के बैठने वाले अभ्यर्थी को उसी जिले, जहाँ वह प्रवेश लेना चाहता/चाहती है, के किसी सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/अन्य मान्यता प्राप्त अथवा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान से योग्यता 'प्रमाण-पत्र–ब' सहित पूर्ण शैक्षिक सत्र के दौरान कक्षा 5 में अध्ययनरत् होना चाहिए. सरकार अथवा सरकार की ओर से अधिकृत किसी एजेन्सी के द्वारा मान्यता प्राप्त घोषित विद्यालय को ही मान्यता प्राप्त माना जाएगा. वे विद्यालय, जिनके छात्र एन.आई. ओ.एस. (राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय संस्थान) से योग्यता प्रमाण-पत्र 'ब' प्राप्त किए हों, उन्हें एन.आई. ओ.एस. (राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय संस्थान) द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए. छात्र का वर्तमान सत्र में सफलतापूर्वक कक्षा 5 पूर्ण किया होना चाहिए. इसी स्थिति में वह कक्षा 6 में अगले सत्र में वास्तविक प्रवेश पा सकेगा.

- ग्रामीण क्षेत्र के कोटे से प्रवेश चाहने वाले अभ्यर्थी ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सरकारी/ सरकारी सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा–3, 4 और 5 में प्रत्येक वर्ष एक पूर्ण शिक्षा सत्र में अवश्य पढ़ाई की हो एवं उत्तीर्ण हुआ हो.
- अभ्यर्थी, जिन्होंने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय संस्थान से 'ब' प्रमाण-पत्र दक्षता सहित निर्धारित तिथि तक या उससे पूर्व उत्तीर्ण की है, वे भी इस परीक्षा में बैठने के पात्र हैं, अगर वे निर्धारित आयु सीमा में हों. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय संस्थान' के प्राधिकृत केन्द्रों/संस्थाओं के छात्रों की ग्रामीण स्थिति का निर्धारण उस जिले के तहसीलदार अथवा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के आधार पर किया जाएगा जिसमें यह लिखा गया हो कि छात्र पिछले तीन वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहा है. नगरीय एवं अधिसूचित क्षेत्रों से पढ़ने वाले छात्र जो उपर्युक्त योजनाओं में अध्ययन कर रहे हों, वे ग्रामीण कोटे के अन्तर्गत प्रवेश के पात्र नहीं होंगे.
- उन जिलों के लिए जहाँ कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रारम्भ होने के बाद जिले का विभाजन हुआ है एवं यदि विभाजन से निर्मित जिले में नवीन जवाहर नवोदय विद्यालय नहीं खोला गया हो तो जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में प्रवेश हेतु जिले की पुरानी सीमा के अनुरूप अभ्यर्थियों की पात्रता रहेगी.
- ऐसे अभ्यर्थी, जो प्रोन्नत नहीं किए गए हैं और पाँचवीं कक्षा में निर्धारित तिथि से पहले प्रवेश नहीं लिए हैं, वे आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे.
- **अभ्यर्थी किसी भी परिस्थिति में चयन परीक्षा में दूसरी बार बैठने के लिए अर्ह नहीं है.**

## ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए

(क) प्रत्येक जिले में कम-से-कम 75% सीटें उस जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित अभ्यर्थियों द्वारा शेष सीटें उस जिले के शहरी क्षेत्रों से चुने गए अभ्यर्थियों द्वारा भरी जाएंगी.

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों के कोटे के अन्तर्गत प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित किसी सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/ सरकार द्वारा स्थित किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से बिना किसी कक्षा को पुनरावर्तित किए, अन्तराल व अवरोध के पूरे सत्र तक कक्षाओं 3, 4 व 5 में पढ़ा हुआ होना चाहिए. **अभ्यर्थी ने कक्षा-5 में पूर्ण शैक्षणिक सत्र में उसी जिले में अध्ययन किया हो, जहाँ वह प्रवेश चाहता है.**

(ग) 'राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय संस्थान' की योजना के तहत् पढ़ने वाले अभ्यर्थी को जिला अधिकारी/तहसीलदार/खण्ड विकास अधिकारी (बी.डी.ओ.) द्वारा निर्गत इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह ग्रामीण क्षेत्र का निवासी है.

## शहरी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए

ऐसा अभ्यर्थी जो शहरी क्षेत्र में स्थित किसी विद्यालय में कक्षा 3, 4 व 5 में किसी सत्र में एक दिन भी पढ़ लिया है, शहरी अभ्यर्थी समझा जाएगा. शहरी क्षेत्र वे हैं, जो 2011 की जनगणना में अथवा उसके बाद किसी सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्धारित किया गया हो. शेष सभी क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र कहलाए जाएंगे.

## ट्रांसजेन्डर श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए

ट्रांसजेन्डर श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अलग से कोई आरक्षण उपलब्ध नहीं है और उन्हें आरक्षण हेतु बालकों की श्रेणी में विभिन्न उप श्रेणियों जैसे—शहरी, ग्रामीण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग में सम्मिलित किया जाएगा.

## स्थानों का आरक्षण

(क) प्रत्येक जिले की कम-से-कम 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र से चयनित अभ्यर्थियों द्वारा तथा शेष बची सीट जिले के शहरी क्षेत्र से चयनित अभ्यर्थियों द्वारा भरी जाएंगी.

(ख) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए स्थान का आरक्षण सम्बन्धित जिले की जनसंख्या के अनुपात में दिया जाता है, किन्तु किसी भी परिस्थिति में एवं किसी भी जनपद में राष्ट्रीय अनुपात (15 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 7·5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति) से कम तथा 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति और जनजाति को जोड़कर) से अधिक नहीं होना चाहिए यह आरक्षण अन्तर परिवर्तनीय है और खुली वरीयता सूची के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त लागू होगा.

(ग) 27% आरक्षण अन्य पिछड़ी जातियों के विद्यार्थियों को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण से ऊपर प्रदान किया जाएगा. अन्य पिछड़ी जातियों को आरक्षण का क्रियान्वयन समय-समय पर लागू केन्द्रीय सूची के आधार पर किया जाएगा. अन्य पिछड़ी जातियों के जो अभ्यर्थी केन्द्रीय सूची में नहीं हैं, उन्हें सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी के रूप में ही आवेदन करना चाहिए.

(घ) कुल स्थानों के एक-तिहाई स्थान बालिकाओं द्वारा भरे जाएंगे.

(ङ) दिव्यांग बच्चों (अस्थि दिव्यांग, श्रव्य दिव्यांग एवं दृष्टि दिव्यांग) के लिए भारत सरकार के नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान है.

# परीक्षा के बारे में जानकारी

चयन परीक्षा में तीन प्रश्न-पत्र अर्थात् मानसिक योग्यता परीक्षा, अंकगणित परीक्षा और भाषा परीक्षा हैं. यह चयन परीक्षा राज्य/प्रदेश वार विभिन्न भाषाओं में आयोजित की जाएगी जिसकी जानकारी समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है. अभ्यर्थी को उसी भाषा की पुस्तिका दी जाएगी, जो उसने आवेदन-पत्र में लिखी है. अभ्यर्थी अपनी प्रश्न पुस्तिका भली-भांति देख लें कि यह उसी भाषा में है जो उसने अपने आवेदन में लिखी थी. चयन परीक्षा में कुल मिलाकर 80 प्रश्न और पूर्णांक 100 हैं. सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे.

## परीक्षा की संरचना

चयन परीक्षा तीन भागों में विभाजित है जिसमें तीन विभिन्न अनुद्देश्यों सहित तीन विभिन्न परीक्षण सम्मिलित हैं. परीक्षा की कुल अवधि दो घण्टे है. दिव्यांग अभ्यर्थी को 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा.

| प्रश्न-पत्र | परीक्षा | प्रश्नों की संख्या | अंक | समयावधि (मिनट में) |
|---|---|---|---|---|
| I | मानसिक योग्यता | 40 | 50 | 60 |
| II | अंकगणित | 20 | 25 | 30 |
| III | भाषा | 20 | 25 | 30 |
| **योग** | | 80 | 100 | 2 घण्टे |

## उत्तर अंकित करने की विधि

(क) अभ्यर्थी को परीक्षा पुस्तिका के साथ एक उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.) दिया जाएगा. अभ्यर्थी को केवल उसी उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर अपने उत्तर अंकित करने होंगे. न.वि.स. की वेबसाइट पर उत्तर-पत्रक की नमूना प्रति अपलोड कर दी जाएगी.

(ख) उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पाइन्ट पेन का ही प्रयोग करें. अभ्यर्थी अपना बॉल पेन अपने साथ लायें. पेन्सिल का प्रयोग वर्जित है.

(ग) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर होंगे जिसमें केवल एक ही उत्तर सही है. अभ्यर्थी को सही उत्तर का चयन करना है और सही उत्तर को (A, B, C, D) अंक्षर की सहायता से उत्तर शीट पर अंकित करना होगा. उदाहरण के तौर पर प्रश्न सं. 37 के लिए यदि सही उत्तर C है तो उस गोले को उत्तर-पत्रक पर इस प्रकार भरें.

37. (A) (B) (C) (D)

(घ) एक बार अंकित उत्तर को किसी भी दशा में बदलने की अनुमति नहीं होगी. ओ.एम.आर. शीट पर उपरिलेखन (over writing), उत्तर को काटना या मिटाना वर्जित है. ऐसे उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा.

(ङ) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1·25 अंक प्रदान किए जाएंगे.

(च) ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा.

## परीक्षण का स्वरूप

### खण्ड-1 : मानसिक योग्यता परीक्षण

यह पूर्णतः अशाब्दिक परीक्षण है. इसका अर्थ यह है कि इस प्रश्न-पत्र के सभी प्रश्न केवल आकृतियों और रेखाचित्रों पर आधारित होंगे. इस परीक्षण का मुख्य प्रयोजन प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की अन्तर्निहित सामान्य मानसिक योग्यता को मापना है.

इस खण्ड के 10 भाग हैं. प्रत्येक भाग में 4-4 प्रश्न होंगे. ये प्रश्न अभ्यर्थियों की विभिन्न योग्यताओं की परख करेंगे.

### खण्ड-2 : अंकगणित परीक्षण

इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों की अंकगणित में मौलिक दक्षता को मापना है. इस परीक्षा के सभी 20 प्रश्न अग्रलिखित विषयों पर आधारित होंगे—

1. संख्या और संख्या पद्धति, 2. पूर्ण संख्याओं पर चार आधारभूत संक्रियाएं, 3. भिन्नात्मक संख्याएं और उन पर चार आधारभूत संक्रियाएं, 4. गुणनखण्ड और गुणांक एवं उनके गुण, 5. संख्याओं का लघुतम समापवर्त्य तथा महत्तम समापवर्तक, 6. दशमलव तथा उन पर आधारभूत संक्रियाएं, 7. भिन्नों को दशमलव में तथा दशमलव को भिन्नों में बदलना, 8. मापन-लम्बाई, द्रव्यमान, धारिता, समय, घन आदि में संख्याओं का अनुप्रयोग, 9. दूरी, समय तथा गति, 10. व्यंजकों का सन्निकटन, 11. संख्यात्मक व्यंजकों का सरलीकरण, 12. प्रतिशतता तथा उनके अनुप्रयोग, 13. लाभ तथा हानि, 14. साधारण ब्याज, 15. परिमाप, क्षेत्रफल तथा आयतन.

**टिप्पणी**—धारणाओं तथा उससे सम्बन्धित दक्षताओं के बोध तथा उनके अनुप्रयोग के परीक्षण पर अधिक बल दिया जाएगा.

**खण्ड-3 : भाषा परीक्षण**

इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थी में पढ़ने के बोध को मापना है. इसमें चार गद्यांश हैं. प्रत्येक गद्यांश में 5 प्रश्न हैं. अभ्यर्थी गद्यांश को ध्यान से पढ़कर उन प्रश्नों के उत्तर देगा.

## अनुदेशों को पढ़ना और नमूने के प्रश्नों का अध्ययन

(क) अभ्यर्थियों को प्रश्नों को हल करने में प्रश्न-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ और प्रत्येक प्रश्न-पत्र पर दिए गए अनुदेशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस बात को सुनिश्चित कर लें कि उत्तर पुस्तिका की भाषा वही है जो उसने चाही है. यदि परीक्षा पुस्तिका अभ्यर्थी द्वारा चाही गई भाषा में न हो तो उसे परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले ही अभ्यर्थी बदल लें. यह अभ्यर्थी की जिम्मेदारी होगी कि वह आवेदन-पत्र में दिए गए भाषा विकल्प के अनुसार परीक्षा पुस्तिका प्राप्त करे. परीक्षा समाप्त होने के बाद इस सम्बन्ध में कोई भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.

(ख) एक प्रश्न को हल करने के लिए लगभग एक मिनट का समय है, इसलिए अभ्यर्थी को किसी एक प्रश्न पर बहुत अधिक समय नहीं लगाना चाहिए. यदि किसी प्रश्न का उत्तर देने में कठिनाई आ रही हो, तो उसे छोड़कर अगले प्रश्न पर ध्यान दें. इससे उन्हें समय की बचत करने में सहायता मिलेगी. एक बार सारे प्रश्नों को पूरा कर लेने के बाद वे उन सभी प्रश्नों का उत्तर देने की पुनः कोशिश कर सकते हैं, जो उन्होंने पहली बार छोड़ दिए थे.

(ग) बिना किसी अन्तराल के पूरा समय दो घण्टे होगा. दिव्यांग विद्यार्थियों (भिन्न योग्य) को 30 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा.

(घ) चूँकि तीनों प्रश्न-पत्रों में अलग-अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है, इसलिए अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वह किसी एक प्रश्न-पत्र पर निर्धारित समय से अधिक समय न लगाए, यद्यपि वह पूरे समय को अपनी इच्छानुसार समायोजित करने में स्वतंत्र है.

(ङ) (i) उपयुक्त प्रवेश-पत्र के बिना अभ्यर्थी को परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा.

(ii) अभ्यर्थी बैठक व्यवस्था के अनुसार निर्धारित कक्ष में 11.00 बजे पूर्वाह्न तक बैठ जाए. देर से आने वाले किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा.

(iii) परीक्षा शुरू होने के बाद निर्धारित समय से पहले किसी अभ्यर्थी को परीक्षा भवन से जाने की अनुमति नहीं मिलेगी.

## चयन और प्रवेश हेतु शर्तें

(क) यह एक प्रतियोगी परीक्षा है. इसमें अभ्यर्थी को केवल तीनों परीक्षणों में अलग-अलग उत्तीर्ण ही नहीं होना है, बल्कि वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने के लिए उच्च अंक प्राप्त करने की भी आवश्यकता है.

(ख) चयन परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाने पर कोई अभ्यर्थी विद्यालय में प्रवेश का हकदार नहीं हो पाएगा. वास्तविक प्रवेश के समय, प्रत्येक चुने हुए अभ्यर्थी को समिति द्वारा निर्धारित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे.

(ग) विवाद की स्थिति में नवोदय विद्यालय समिति का निर्णय अन्तिम तथा मान्य होगा. परीक्षा का परिणाम निम्नलिखित कार्यालयों में प्रदर्शित कर दिया जाएगा–

(i) जवाहर नवोदय विद्यालय में,

(ii) जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में,

(iii) जिलाधिकारी के कार्यालय में, और

(iv) क्षेत्र की नवोदय विद्यालय समिति के उप-आयुक्त के कार्यालय में.

(v) समिति की वेबसाइट http.//www.navodaya. gov.in पर भी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं.

अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल पर भी परीक्षा परिणाम देख सकते हैं. चयनित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा भी पंजीकृत मोबाइल पर एस.एम.एस. तथा स्पीड पोस्ट से भी सूचना दी जाएगी.

(घ) उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की कोई व्यवस्था नहीं है, क्योंकि परिणाम कम्प्यूटर द्वारा तैयार किया जाता है. इसलिए अंकों का दोबारा जोड़ नहीं लगाया जाएगा, क्योंकि परिणाम तैयार करते समय सभी स्तरों पर पूरी-पूरी सावधानी बरती जाती है.

## अन्य उपयोगी पुस्तकें

| | |
|---|---|
| **उपकार जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सॉल्वड् पेपर्स** | **130/-** |
| **उपकार प्रैक्टिस वर्क-बुक नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा** | **140/-** |
| **उपकार न्यू प्रैक्टिस वर्क-बुक नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा** | **220/-** |
| *(**लेखकगण** : डॉ. शर्मा, गोयल एवं जे. पी. दीक्षित)* | |
| **उपकार नवोदय विद्यालय प्रवेश दिग्दर्शिका** | **190/-** |
| *(**लेखकगण** : डॉ. लाल, शर्मा एवं जैन)* | |
| **उपकार नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा** | **255/-** |
| *(**लेखकद्वय** : जे.एन. शर्मा एवं टी.एस. जैन)* | |
| **उपकार नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा** | **180/-** |
| *(**लेखकद्वय** : डॉ. लाल एवं जैन)* | |
| **उपकार नवोदय विद्यालय प्रवेश निर्देशिका** | **205/-** |
| *(**लेखकद्वय** : एस.पी. गोयल एवं डॉ. कुलश्रेष्ठ)* | |
| **उपकार न्यू जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा** | **285/-** |
| *(**लेखक** : संजय गुप्ता)* | |
| **उपकार नवोदय विद्यालय मानसिक योग्यता परीक्षा** | **160/-** |
| **उपकार नवोदय विद्यालय प्रवेश 'हिन्दी भाषा'** | **70/-** |